>

Title: Need to talk to Saudi Arabia Government to exempt visa fee for Haz Pilgrimes from India.

श्री राहुल रमेश शेवले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): सभापति महोदय, मुझे शून्य काल में बोलने का मौका देने के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ । मैंने जो विषय दिया था, वह ऑलरेडी नियम-377 में आया है । इसलिए मैं विषय चेंज करने के लिए आपकी अनुमति चाहता हूँ । …(व्यवधान)

महोदय, दुनिया भर के मुसलमान उमराह और हज के लिए मक्का जाते हैं । साउदी अरब की सरकार उस सेवा के लिए फ्री ऑफ कॉस्ट वीज़ा देती है । …(व्यवधान)

माननीय सभापति : आपका सब्जेक्ट अगला है न?

…(व्यवधान)

श्री राहुल रमेश शेवले : सभापति महोदय, मैंने सब्जेक्ट ऑलरेडी दिया है।…(व्यवधान)

माननीय सभापति: बोलिए ।

…(व्यवधान)

श्री राहुल रमेश शेवले : सभापति महोदय, उमराह और हज के लिए पूरे विश्व के मुस्लिम धार्मिक यात्रा के लिए मक्का जाते हैं । साउदी अरब की सरकार वहां पर फ्री ऑफ कॉस्ट वीज़ा देती है । लेनिक वर्ष 2018 से साउदी अरब की सरकार ने वीज़ा के नॉर्म्स चेंज किए हैं । उन्होंने कहा है कि प्रत्येक व्यक्ति को इस यात्रा के लिए दो साल का अंतराल देना चाहिए ।

उसे दो साल की समयावधि के भीतर हज पर जाना है तो उसे सउदी अरब को 2000 रियाल का भुगतान करना होगा । उनको लगभग 38,000 रुपये पे करने पड़ेंगे । अन्य देशों ने डिप्लोमेटिक रिलेशन्स से उनके यहाँ से जो हज के लिए जाते हैं, उनको राहत दी है । लेकिन भारत से जो हज के लिए जाते हैं, उनको वहाँ पर 2000 रियाल पे करना पड़ता है । मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री से अनुरोध करना चाहता हूँ कि सउदी अरब गवर्नमेंट से अच्छा रिलेशन है । वहाँ पर डिप्लोमेटिक चर्चा करके, जो लोग हमारे यहाँ से हज को जाते हैं, उनको 2000 रियाल माफ करके राहत देनी चाहिए ।

HON. CHAIRPERSON : Shrimati Rekha Verma and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Rahul Ramesh Shewale.